**दिनांक- 06 मई, 2020**

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त दान का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष- 2018-19

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

पता : टी- 95, दूसरी मंजिल, सी एल हाउस,
गौतम नगर, दिल्ली- 110049
ईमेल: adr@adrindia.org ; दूरभाष : 011-4165 4200

# क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से अधिक प्राप्त दान का विश्लेषण - वित्तीय वर्ष- 2018-19

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा प्रस्तुत यह रिपोर्ट, चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध क्षेत्रीय दलों के द्वारा प्राप्त रु 20,000 से अधिक दानराशि की रिपोर्ट पर आधारित है |

## सारांश

इस सारांश में रिपोर्ट का प्रमुख अवलोकन नीचे सूचीबद्ध दिया गया है :

### I. चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध क्षेत्रीय दलों के दान रिपोर्ट की स्थिति (वित्तीय वर्ष 2018-19)

विश्लेषण किए गए **52 क्षेत्रीय दलों** में से केवल **15 दलों** ने ही अपना दान रिपोर्ट निर्धारित **समय अवधि** में चुनाव आयोग को प्रस्तुत की थी| **10 अन्य दलों** ने **4 दिन** से लेकर **34 दिन** की देरी से दान रिपोर्ट जमा की है | **26 क्षेत्रीय** दल ऐसे हैं, जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान चुनाव आयोग को अपनी दान रिपोर्ट 6 मई, 2020 तक प्रस्तुत नहीं की है | **वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, चुनाव आयोग पर उपलब्ध शिवसेना का दान रिपोर्ट अधूरी है, इसलिए इस रिपोर्ट में इसका विश्लेषण नहीं किया गया है |**

| S.No. | Political Party | Financial Year- 2018-19 : Due date for filing report: 30.09.2019 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Party Code | Date of Submission | No. of days by which delayed |
| 1 | Maharashtra Navnirman Sena | **MNS** | 29-Jun-19 | **0** |
| 2 | All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | **AIADMK** | 22-Jul-19 | **0** |
| 3 | Telugu Desam Party | **TDP** | 25-Jul-19 | **0** |
| 4 | Shiromani Akali Dal | **SAD** | 29-Jul-19 | **0** |
| 5 | Indian National Lok Dal | **INLD** | 30-Jul-19 | **0** |
| 6 | All India United Democratic Front | **AIUDF** | 8-Aug-19 | **0** |
| 7 | Jharkhand Mukti Morcha | **JMM** | 2-Sep-19 | **0** |
| 8 | Rashtriya Lok Dal | **RLD** | 11-Sep-19 | **0** |
| 9 | Samajwadi Party | **SP** | 13-Sep-19 | **0** |
| 10 | Jharkhand Vikas Morcha (Prajatantrik) | **JVM-P** | 17-Sep-19 | **0** |
| 11 | Lok Janshakti Party | **LJP** | 23-Sep-19 | **0** |
| 12 | Aam Aadmi Party | **AAP** | 26-Sep-19 | **0** |
| 13 | Sikkim Democratic Front | **SDF** | 26-Sep-19 | **0** |
| 14 | Janata Dal (United) | **JDU** | 27-Sep-19 | **0** |
| 15 | Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | **YSRC** | 27-Sep-19 | **0** |
| 16 | Dravida Munnetra Kazhagam | **DMK** | 5-Oct-19 | **4 Days** |
| 17 | Nationalist Democratic Progressive Party | **NDPP** | 18-Oct-19 | **17 Days** |
| 18 | Naga People's Front | **NPF** | 18-Oct-19 | **17 Days** |
| 19 | Janata Dal (Secular) | **JDS** | 22-Oct-19 | **21 Days** |
| 20 | Biju Janata Dal | **BJD** | 24-Oct-19 | **23 Days** |
| 21 | Telangana Rashtra Samithi | **TRS** | 25-Oct-19 | **24 Days** |
| 22 | Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | **DMDK** | 29-Oct-19 | **28 Days** |

| S.No. | Political Party | Financial Year- 2018-19 : Due date for filing report: 30.09.2019 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Party Code | Date of Submission | No. of days by which delayed |
| 23 | Pattali Makkal Katchi | **PMK** | 29-Oct-19 | **28 Days** |
| 24 | All India Majlis-E-Ittehad-Ul-Muslimeen | **AIMIM** | 2-Nov-19 | **31 Days** |
| 25 | **Goa Forward Party** | **GFP** | **5-Nov-19** | **34 Days** |
| 26 | Shiv Sena | **SHS** | 24-Sep-19 | **Incomplete statement available on the ECI website** |
| 27 | Indian Union Muslim League | IUML | **Not available on ECI website** | **219 Days (As on 6th May, 2020)** |
| 28 | Sikkim Krantikari Morcha | SKM | **Not available on ECI website** | |
| 29 | Zoram Nationalist Party | ZNP | **Not available on ECI website** | |
| 30 | All India Forward Bloc | AIFB | **Not available on ECI website** | |
| 31 | Asom Gana Parishad | AGP | **Not available on ECI website** | |
| 32 | AJSU Party | AJSU | **Not available on ECI website** | |
| 33 | Bodoland Peoples Front | BPF | **Not available on ECI website** | |
| 34 | Hill State People's Democratic Party | HSPDP | **Not available on ECI website** | |
| 35 | All India N.R. Congress | AINRC | **Not available on ECI website** | |
| 36 | Indigenous People's Front of Tripura | IPFT | **Not available on ECI website** | |
| 37 | Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party | JKPDP | **Not available on ECI website** | |
| 38 | Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNPP | **Not available on ECI website** | |
| 39 | Kerala Congress (M) | KC(M) | **Not available on ECI website** | |
| 40 | Mizoram People's Conference | MPC | **Not available on ECI website** | |
| 41 | Mizo National Front | MNF | **Not available on ECI website** | |
| 42 | Rashtriya Janata Dal | RJD | **Not available on ECI website** | |
| 43 | National People's Party | NPP | **Not available on ECI website** | |
| 44 | People's Democratic Alliance | PDA | **Not available on ECI website** | |
| 45 | People's Party of Arunachal | PPA | **Not available on ECI website** | |
| 46 | Rashtriya Lok Samta Party | RLSP | **Not available on ECI website** | |
| 47 | Revolutionary Socialist Party | RSP | **Not available on ECI website** | |
| 48 | United Democratic Party | UDP | **Not available on ECI website** | |
| 49 | Janta Congress Chhattisgarh (J) | JCC (J) | **Not available on ECI website** | |
| 50 | People's Democratic Front | PDF | **Not available on ECI website** | |
| 51 | Jammu & Kashmir National Conference | JKNC | **Not available on ECI website** | |
| 52 | Maharashtrawadi Gomantak Party | MGP | **Not available on ECI website** | |

## II. क्षेत्रीय दलों द्वारा चुनाव आयोग को घोषित दान : वित्तीय वर्ष – 2018-19

**रिप्रजेंटेशन ऑफ़ पीपुल्स अधिनियम 1951** के 29C (1) तहत राजनीतिक दलों को प्राप्त रु 20,000 से अधिक के दान का विवरण चुनाव आयोग को सालाना जमा करना होता है | हालाँकि, वित्तीय वर्ष 2018-19 में देखा गया है की **6 क्षेत्रीय दलों** (आप, जीपीएफ, डीएमके, एसपी, एमएनएस और एनपीएफ) ने अपने दान रिपोर्ट में रु 20,000 से कम के दान का भी विवरण दिया है |

a) क्षेत्रीय दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में अर्जित की गयी रु 20,000 से अधिक की दान राशि **रु 230.45 करोड़** है जो **4046 दानों** द्वारा प्राप्त हुई |

b) **वाईएसआर -सी** को **142 दानों** द्वारा पूरे भारतवर्ष से **रु 80.575 करोड़** प्राप्त हुआ वही दूसरे स्थान पर **टीआरएस** को **62 दानों** से **रु 41.275 करोड़** मिला और **बीजेडी** ने **रु 29.317 करोड़** का दान दर्शाया है |

c) क्षेत्रीय दलों द्वारा प्राप्त कुल दानों का **65.60%** या **रु 151.167 करोड़** का दान शीर्ष के तीन दलों ने एकत्रित किया है |

d) वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, **एआईडीएमके** और **जेवीएम-पी** ने अपने दान रिपोर्ट में **शून्य दान** घोषित किया है ।





**Chart: Top 10 Regional Parties to declare maximum donations for FY 2018-19**

## III. <u>वित्तीय वर्ष 2017-18 और 2018-19 में क्षेत्रीय दलों को प्राप्त दान की तुलना</u>

a) वित्तीय वर्ष 2017-18 और 2018-19 में केवल **वाईएसआर-सी, टीआरएस, टीडीपी** और **पीएमके** दलों के ही दान रिपोर्ट में सबसे अधिक प्रतिशत दान की वृद्धि हुई है |

b) दान रिपोर्ट की तुलना करने से पता चलता है की **पीएमके** के दान में **9106%** की वृद्धि इसके बाद **टीडीपी** के दान में **1407%** की वृद्धि, **टीआरएस** के दान में **1148%** की वृद्धि और **वाईएसआर-सी** के दान में **865%** की वृद्धि देखी गयी है |

c) वित्तीय वर्ष 2017-18 की तुलना में **वाईएसआर-सी**, **टीआरएस**, **टीडीपी**, **बीजेडी** और **आप** पार्टी के दान में इस वर्ष (वित्तीय वर्ष 2018-19) सबसे अधिक वृद्धि हुई है जो क्रमशः **रु 72.225 करोड़**, **रु 37.968 करोड़**, **रु 24.442 करोड़**, **रु 16.277 करोड़** और **रु 6.284 करोड़** है |





**Chart: Comparison of donations received by top 5 Regional Parties between FY 2017-18 & 2018-19**

## IV. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित नकद दानराशि

a. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान क्षेत्रीय दलों को कुल **रु 230.45 करोड़** का दान प्राप्त हुआ है, जिसमें **450 दान दाताओं** ने **नकदी** के माध्यम से **रु 3.20 करोड़** का दान दिया, जो पूरे दान का **1.39%** है |

b. नकदी के माध्यम से **डीएमके** ने सबसे अधिक **रु 2.978 करोड़** का दान , **पीएमके** ने **रु 10.60 लाख**, **एनपीएफ** ने **रु 7.90 लाख**, **आरएलडी** ने **रु 3 लाख** और **डीएमडीके** ने **रु 1 लाख** का दान प्राप्त किया है |

c. सभी राज्यों में से क्षेत्रीय दलों को **तमिलनाडु** से **रु 1.58 करोड़** और **उत्तर प्रदेश** से **रु 3 लाख** का दान नकदी के माध्यम से प्राप्त हुआ है |

d. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, इन **2 दलों** (**एनपीएफ** और **डीएमके**) ने कुल मिलाकर **रु 1.59 करोड़** का नकद दान प्राप्त किया था पर दलों ने दान दाताओं का **पते का विवरण** घोषित नहीं किया है |





**Chart: Donations received in cash by Regional Parties for FY 2018-19**

## V. क्षेत्रीय दलों का राज्यवार दान : वित्तीय वर्ष 2018-19

a. चुनाव आयोग में दलों द्वारा जमा किये गए दान रिपोर्ट से, एडीआर ने दान दाताओं द्वारा घोषित किये गए पते से क्षेत्रीय दलों का राज्यवार विवरण किया है |

b. क्षेत्रीय दलों को **27 राज्य/संघ शासित प्रदेशों** और **16 देशों** से दान मिला है | विदेश से **केवल आम आदमी पार्टी को** ही रु 20,000 से अधिक का चंदा मिला है |

c. वित्तीय वर्ष 2018-19 में, क्षेत्रीय दलों को **दिल्ली** से कुल **रु 77.215 करोड़**, **तेलंगाना** से **रु 45.227 करोड़** और **महाराष्ट्र** से **रु 43.918 करोड़** दान मिला है |





**Chart: Top 5 states from where Regional Parties have received the highest donations for FY 2018-19**

d. **आम आदमी पार्टी** ने अपने कुल दान का (रु 20,000 से अधिक) **3.90%** या **रु 0.57 करोड़** का दान **विदेश से** प्राप्त किया है |

e. क्षेत्रीय दलों के अपने दान रिपोर्ट में दान दाताओं के अधूरी जानकारी देने के कारण, दलों के कुल दान का **2.97%** (रु 6.85 करोड़) किसी राज्य या संघ शासित प्रदेशों में नहीं जोड़ा जा सकता था |





**Chart: Donations classified based on address as declared by Regional Parties for FY 2018-19**

## VI. कॉर्पोरेट दान दाताओं और व्यक्तिगत दान दाताओं : वित्तीय वर्ष 2018-19

a. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान क्षेत्रीय दलों को **रु 188.42 करोड़** का दान **292 कॉर्पोरेट** दान दाताओं से प्राप्त हुआ है | **रु 39.97 करोड़** का दान **3414 व्यक्तिगत दान दाताओं** से प्राप्त हुआ है |

b. इसी वित्तीय वर्ष के दौरान राष्ट्रीय दलों को **रु 876.11 करोड़** (कुल दान का **92.06%**) का दान **1776 कॉर्पोरेट** दान दाताओं से प्राप्त हुआ है | **रु 71.407 करोड़** का दान (कुल दान का 7.50**%**) **3509 व्यक्तिगत दान दाताओं** से प्राप्त हुआ है |

c. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, **वाईएसआर-सी** को सबसे अधिक **43 कॉर्पोरेट** दान दाताओं से **रु 70.61 करोड़** और **78 व्यक्तिगत** दान- दाताओं से **रु 9.74 करोड़** दान प्राप्त हुआ है |





**Chart: Sector-wise donations to Regional Parties for FY 2018-19**

## VII. क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित दान रिपोर्ट में पैन नम्बर का विवरण : वित्तीय वर्ष 2018-19

a) 23 क्षेत्रीय दलों ने अपने दान रिपोर्ट में प्राप्त दान घोषित किया है उसमें से **16 दलों** ने बिना पैन विवरण के भी दान दर्शाया है |

b) क्षेत्रीय दलों द्वारा प्राप्त कुल दान राशि का **17.54%** यानी **रु 40.42 करोड़** का पैन विवरण घोषित नहीं किया है |

c) यह ध्यान देने कि बात है की **पीएमके, एनडीपीपी, एनपीएफ, डीएमडीके** और **जेएमएम** ने अपने दान रिपोर्ट में एक भी दान दाता का पैन विवरण घोषित नही किया है |





**Chart: Status of declaration of PAN by Regional Parties for FY 2017-18**

## अवलोकन

a. 29 अगस्त 2014 को चुनाव आयोग कि एक अधिसूचना में कहा कि " **कोई भी व्यक्ति या कंपनी, जो नकदी के माध्यम से राजनीतिक दलों को चंदा देगी उसे कर में कोई छूट नही दी जायेगी यह अधिसूचना वि व् 2014-15 के बाद से लागू किया गया था | तदनुसार, राजनीतिक दल ऐसे सभी व्यक्तियों, कंपनियों या संस्थाओं का नाम और पता बनाये रखेंगे जो दान कर रहे हैं, केवल कमराशि को छोड़कर, जो दलों द्वारा सार्वजनिक रैलियों के दौरान दान के रूप में प्राप्त किये हों** |" दो क्षेत्रीय दल, **डीएमके** (रु 1.513 करोड़) और **एनपीएफ** (रु 7.90 लाख) को कुल **रु 1.59 करोड़** का नगद दान मिला है पर दलों ने इन दानदाताओं के पते का विवरण घोषित नहीं किया है |

b. वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, क्षेत्रीय दलों ने **516 दानदाताओं** (प्राप्त राशि रु 6.85 करोड़) के पते का विवरण घोषित नहीं किया है जो दलों द्वारा प्राप्त कुल दान का **2.97%** है |

c. वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, **23 क्षेत्रीय दलों** ने दान प्राप्त करने की घोषणा की है, उनमें से **16 दलों** ने **728 दानों** से **रु 40.42 करोड़** का दान बिना पैन विवरण का घोषित किया है |

d. अधिकतर दानों में देखा गया है की क्षेत्रीय दलों ने मोड ऑफ़ पेमेंट्स कॉलम में **Online/RTGS/Cheque no** बिना किसी बैंक के नाम और स्थान को दर्शाया है | इस तरह के मोड ऑफ़ पेमेंट्स में दी गई जानकारी को **सत्यापित** करना **मुश्किल** है |

e. क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित **4046 दानों** में से, **776 दानों** के राशि का मोड ऑफ़ पेमेंट्स अधूरी या अघोषित है, इनमें से **टीआरएस** के **59 दानों** से प्राप्त **रु 39.775 करोड़** राशि का मोड ऑफ़ पेमेंट्स अघोषित या अधूरी है |

f. **टीआरएस**, **शिवसेना** और **बीजेडी** जैसे तीन दलों ने क्रमशः **रु 141.50 करोड़**, **रु 60.40 करोड़** और **रु 211.50 करोड़** का दान चुनावी बांड्स के माध्यम से प्राप्त करने की घोषणा की है, लेकिन दलों द्वारा घोषित चुनावी बांड्स की पूर्ण जानकारी का हिसाब

दान रिपोर्ट में नहीं है | वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, **ऑडिट रिपोर्ट** में इन दलों को प्राप्त चुनावी बांड्स का विश्लेषण किया गया था |

g. वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, चुनाव आयोग की वेबसाइट पर शिवसेना का उपलब्ध दान विवरण, रिपोर्ट को बनाते समय अधूरा था | इसलिए इस रिपोर्ट में शिवसेना का दान विवरण पर विचार नहीं किया गया है |

## एडीआर के सुझाव

a. सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नही रहना चाहिए इसी प्रकार फॉर्म 24ए (जोकि राजनीतिक, दलों द्वारा रु 20,000 ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नही होना चाहिए |

b. राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को आदर्श रूप से सार्वजनिक जाँच के लिए चुनाव आयोग को समय पर दान का पूर्ण और सही विवरण जमा करके वित्तीय पारदर्शिता को बढ़ावा देने का उदाहरण देना चाहिए |

c. यदि किसी राजनीतिक दल द्वारा व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट से नकद के माध्यम से प्राप्त दान का आवश्यक विवरण (जैसे नाम, पता, पैन और भुगतान का तरीका) नहीं दिया हो तो चुनाव आयोग को अपनी वेबसाइट पर ऐसे राजनीतिक दलों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण उपलब्ध कराना चाहिए |

d. चुनाव आयोग द्वारा तय की गई समय सीमा का पालन नहीं करने वाले दलों को विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय पर **100%** कर का भुगतान के लिए उत्तरदायी बनाकर दण्डित किया जाना चाहिए |

e. चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए दान रिपोर्ट की अधूरी जानकारी और गलत विवरण देने वाले दलों को उनका दान रिपोर्ट वापस कर देना चाहिए तथा उन्हें आधी-अधूरी विवरण जमा करने से रोकना चाहिए |

f. राजनीतिक दलों को सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए, ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एवं लोकतंत्र सशक्त होगा |

## सम्पर्क करें



| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org<br><br>https://adrindia.org/about-adr/state-coordinators | Maj Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head, NEW & ADR<br>+91 8826479910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd)<br>Founder, NEW & ADR<br>+919999620944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder, NEW & ADR<br>+919448353285,<br>tsastry@gmail.com |



## अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के दान का विवरण (वित्तीय वर्ष 2018-19 ) की जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज https://eci.gov.in/files/category/1181-recognized-state-parties/ से लिया गया है | रिपोर्ट बनाते समय डाटा की सत्यता का पूरा ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए दान विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और उनके स्वयंसेवक जिम्मेदार नहीं होंगे |

क्षेत्रीय दलों के दान दाताओं का पूर्ण विवरण: कृपया क्लिक करें **http://myneta.info/party.**

क्षेत्रीय दलों के दान का अनुसंधान रिपोर्ट के लिए कृपया यहाँ क्लिक करें **http://adrindia.org/research-and-report/political-party-watch**